Raj Express (Indore), 27th September 2026, Page - 04

सक्षम' प्रोजेक्ट के तहत शोधकर्ताओं को मिलेगा सुनहरा अवसर

जूनियर रिसर्च फेलो के पदों पर आवेदन आमंत्रित

इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने संयुक्त रूप से शोध के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए 'सक्षम' प्रोजेक्ट के तहत जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ) के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की ओर से प्रायोजित इस प्रोजेक्ट के तहत चयनित उम्मीदवारों को प्रति माह फेलोशिप मिलेगी और एडवांस मटीरियल, पर्यावरण व स्वास्थ्य तकनीक के क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। जानकारों के मुताबिक इंदौर एक बार फिर शोध और नवाचार का केंद्र बनने जा रहा है। योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं। प्रोजेक्ट का मुख्य केंद्र आईआईटी इंदौर रहेगा, जबकि डीएवीवी इंदौर इसमें सहयोगी संस्थान के रूप में कार्य करेगा। शोधकर्ताओं का कार्यस्थल परियोजना की आवश्यकता अनुसार समय-समय पर परिवर्तित हो सकता है। आवेदन की अंतिम तारीख 4 अक्टूबर है। चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा व इंटरव्यू 7 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।

परियोजना मुख्य रूप से तीन विषयों पर केंद्रित

थीम 1: एडवांस मटीरियल्स

थीम 2: एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी एंड एनर्जी टेक्नोलॉजी

थीम 3: हेल्थ एंड मेडिकल टेक्नोलॉजीज